भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1405

मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली 3.0

1405. श्री भर्तृहरि महताबः

श्री गणेश सिंहः

श्री मनोज तिवारी:

श्री पी. सी. मोहनः

श्री आलोक शर्मा:

श्री खगेन मुर्मुः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अब तक मूल्यांकन किए गए औद्योगिक पार्कों और उक्त अभ्यास में भाग लेने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की संख्या सहित औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली (आईपीआरएस) 3.0 के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) आईपीआरएस 3.0 के तहत औद्योगिक पार्कों को स्थिरता, संभार तंत्र से जुड़ाव, डिजिटलाइजेशन, बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता और किरायेदारों की प्रतिक्रिया जैसे मानकों के अनुसार अपनाए गए मानदंड और कार्यप्रणाली का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा घाटे में चल रहे औद्योगिक पार्कों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की पहचानी गई कमियों को दूर करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार आईपीआरएस 3.0 को अन्य राष्ट्रीय प्लेटफार्मों जैसे पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) औद्योगिक गलियारा प्रणाली या यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के साथ एकीकृत करने की योजना बना रही है ताकि डेटा अंतर संचालनीयता बढ़ सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ साझेदारी में औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली (आईपीआरएस)

3.0 शुरू की है और औद्योगिक पार्कों के नामांकन की शुरुआत करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुमति प्रदान की है।

(ख): आईपीआरएस 3.0 ने 5 मदों के तहत 41 मापदंडों के साथ वैश्विक मानकों का निर्माण करते हुए डेटा-आधारित और साक्ष्य-आधारित पद्धति को अपनाया है। इसका विवरण **अनुबंध क** में दिया गया है।

(ग) और (घ): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कम निष्पादन करने वाले पार्कों का मार्गदर्शन करने के लिए अवसंरचना, संपर्क-सुगमता, स्थिरता, सुरक्षा और सेवा वितरण के संदर्भ में आईपीआरएस के तहत उच्च निष्पादन करने वाले पार्कों की सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाएं। इसके अलावा, एक विश्वसनीय मानक प्रदान करने और बेहतर औद्योगिक ईकोसिस्टम योजना तथा डेटा अनुरूपता में सहायता प्रदान करने के लिए इन निष्कर्षों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। अंतिम रूप दिए जाने पर, इन निष्कर्षों को एनआईसीडीसी के रख-रखाव वाले इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक पोर्टल https://indiaindustriallandbank.gov.in पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि, ये निष्कर्ष उस प्रकृति के नहीं हैं कि इन्हें पीएम गतिशक्ति या यूलिप पर उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता हो।

*****

अनुबंध-क

औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली 3.0 के संबंध में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1405 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आईपीआरएस 3.0 पार्क फ्रेमवर्क

क्रम सं.	**मानदंड**
मद (1): आंतरिक अवसंरचना	
1	बिजली की आपूर्ति और वितरण
2	जल आपूर्ति (औद्योगिक और पेय)
3	स्मार्ट मीटरिंग
4	आईसीटी अवसंरचना
5	आंतरिक सड़कें
6	पैदल मार्ग
7	अपशिष्ट शोधन (संग्रह और शोधन सुविधा)
8	वर्षा जल निकासी
9	स्मार्ट स्ट्रीट और एरिया लाइटिंग
10	सामान्य पार्क संचालन और रखरखाव (सामान्य अवसंरचना)
11	प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल स्पेस
12	लॉजिस्टिक्स अवसंरचना
13	स्मार्ट एक्सेस गेट्स
14	लैंगिक समानता संबंधी समावेशी अवसंरचना
15	औद्योगिक आवासन
मद (2): बाहरी अवसंरचना और संपर्क सुगमता	
16	सार्वजनिक परिवहन लिंकेज
17	मल्टीमोडल कनेक्टिविटी
18	शहर/क्षेत्रीय मास्टरप्लान के साथ एकीकरण
मद (3): व्यापार सहायता सेवाएं	
19	कैन्टीन
20	वाणिज्यिक केंद्र
21	बैंकिंग और बीमा सहायता

22	कौशल विकास और सामान्य सुविधा केंद्र
23	सिंगल विंडो सेवाएं और सीआरएम सिस्टम
24	व्यापार सुविधा (डेटा एकीकरण)
25	सरकारी पहलों की सहायता और प्रसार
मद (4): पर्यावरण, सुरक्षा और स्थिरता	
26	आपदा प्रबंधन और जोखिम शमन (सुरक्षा लेखापरीक्षा)
27	सुरक्षा सेवाएं
28	स्वास्थ्य और सुरक्षा
29	उपयोगिता लेखा परीक्षा
30	ग्रीन स्पेस
31	वर्षा जल संचयन
32	नवीकरणीय ऊर्जा
33	गुणवत्ता का प्रमाणन
34	ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन
35	प्रदूषक भुगतान तंत्र
मद (5): सृजित प्रभाव	
36	पार्क ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित किया
37	पार्क में निर्यात करने वाली कंपनियां
38	पार्कों ने बड़ी कंपनियों को आकर्षित किया
39	लैंगिक समानता संबंधी संतुलित प्रतिनिधित्व
40	कार्बन फुटप्रिंट मैपिंग
41	रोजगार सृजन

*****